उच्च न्यायालय म0प्र0 : जबलपुर

//अधिसूचना//

क्रमांक–822/परीक्षा/17 जबलपुर, दिनांक–22/09/17

समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सिविल जज, वर्ग–2 (प्रवेश स्तर) की प्रारंभिक परीक्षा–2017 दिनांक 08.10.2017 (रविवार) को म0प्र0 के 07 जिलों (जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, सतना और उज्जैन) में अपरान्ह 03 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक आयोजित की जावेगी।

समस्त अभ्यर्थी ध्यान दें कि उन्हें प्रवेश पत्र में दर्शाये गये परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर दोपहर 01.30 बजे उपस्थित होना है, अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र में बायोमैट्रिक रजिस्ट्रेशन भी किया जावेगा। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 02.30 बजे तक ही होगा, उसके पश्चात अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक 26.09.2017 से एम0पी0ऑनलाईन (mphc.mponline.gov.in) की वेबसाईट पर जारी किये जावेंगे। अभ्यर्थी अपना आवेदन क्रमांक व जन्मतिथि अंकित कर प्रवेश पत्र का प्रिंट प्रारंभिक परीक्षा के 01 दिन पूर्व तक आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें।

(उमेश कुमार श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार (परीक्षा)